# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

## चतुर्थ तल जवाहर भवन अशोक मार्ग लखनऊ-226001

पत्र संख्या:टीएससी-10/2014 दिनांक:फरवरी 19 ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उत्तर प्रदेश।

विषय: आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2014 के कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के पत्र संख्या डीजी-आठ-80(5)-2014 दिनांक दि.21.1.2014 एवं डीजी-आठ-80(31)-2014 दि.10.2.2014 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2014 के दृष्टिगत दैनिक कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में आपको स्पष्ट किया जाता है कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2014 की कानून-व्यवस्था की मानीटरिंग एवं रिपोटिंग हेतु उत्तर प्रदेश तकनीकी सेवायें, लखनऊ द्वारा "LAW AND ORDER REPORTING & MONITORING SYSTEM बनवाया गया है। इसके लिए उ.प्र.पुलिस बेबसाइट **https://uppolice.gov.in** के मुख्य पेज पर ऊपर Law & order मैन्यू पर क्लिक करने पर उक्त पेज का मुख्य पेज खुल जायेगा यहाँ पर अपने जनपद का user name व password डालकर लागआन कर सकते हैं। उक्त पेज **MOZILLA FIRE FOX BROWSER** का प्रयोग करें। (समस्त जनपदों के username & password की सूची संलग्न है।)

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2014 को दृष्टिगत रखते हुए समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक लोकसभा चुनाव वर्ष 2009, विधानसभा चुनाव, 2012 का Law & Order सम्बन्धी विवरण (जिनका प्रारूप पेज पर उपलब्ध है, उसी प्रारूप में सूचना संकलित कर 26 फरवरी, 2014 तक अप्लोड कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त चुनाव आयोग जिसमें समस्त घटनाओं का विवरण उल्लिखित किया जाय। इसके अतिरिक्त चुनाव आयोग द्वारा दिये गये प्रारूप में दैनिक कानून-

व्यवस्था आख्या जनरेट करने का प्रावधान है। इन समस्त घटनाओं को जी.आई.एस. मैप पर देखने की सुविधा शीघ्र उपलब्ध होगी।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना तत्काल उपलब्ध कराने की कृपा करें।

संलग्नक-यथोपरि।

( नेहा पाण्डेय )
पुलिस अधीक्षक,तकनीकी सेवायें,
मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि:

1. अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, उ.प्र.,लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उ.प्र., लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश को कृपया सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ कि इस सम्बन्ध में अपने स्तर से सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि डेटा इन्ट्री पूर्ण कराने हेतु अपने स्तर से पर्यवेक्षण करते हुए शीघ्र पूर्ण कराने की कृपा करें।
5. पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उ.प्र., लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

नोट - उक्त साफ्टवेयर के लॉगिन हेतु user ID एवं पासवर्ड SSP/SP के CUG नम्बर पर SMS किया गया है।